विधार्थियो के लिए लॉकडाउन को अपोर्चुनिटी मे बदलने का अवसर

उदयपुर, 18,अप्रेल 2020। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्राध्योगिकी विश्वविद्यालयश् के माननिय कुलपति डॉ नरेंद्र सिंह राठौड ने आज जूम एप के मध्यम से विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविधालयों के विधार्थियो को संबोधित किया। अपने संबोधन मे उन्होंने विधार्थियो का उत्साह वर्धन करते हुए लॉकडॉउन के समय को एक सुअवसर मे बदलने की प्रेरणा दी।

माननीय कुलपति ड़ॉ. नरेंद्र सिंह राठौड़ ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को कोरोना विश्वमहामारी (कोविड-19) से देश को मुक्त करने के लिए आगामी 3 मई तक जारी लॉकडाउन के दौरान धैर्य के साथ अपने घर पर रह कर संक्रमण को रोकने और समय समय पर सरकार द्वारा प्रकाशित एडवाइसरी के पालन की सलाह दी।

उन्होने वीर शिरोमणि प्रातः स्मार्णीय महाराणा प्रताप को सादर नमन करते हुऐ विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुऐ कहा कि ऐसी विकट परिस्थिति में घर पर ही रहते हुए समय का सदुपयोग करें तथा सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों व स्वास्थ्य मंत्रालय परामर्श का अनुसरण करते हुए अपना व अपने परिवार का ध्यान रखें। इस सम्बन्ध में माननीय कुलपति

ड़ॉ. राठौड़ ने सभी का ध्यान निम्न बिंदुओं की ओर आकृष्ट किया -

1.लॉकडाउन की अवधि में विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक विधियों से पाठ्यक्रम को पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है। वे जूम, गूगल क्लासेज, वाट्सएप, डुओ व अन्य प्लेटफॉर्म्स से नियमित शिक्षण कार्य संपादित कर रहे हैं। आपसे अपेक्षित है कि आप ई-शिक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।।

2. उन्होने कहा कि ई-शिक्षण के माध्यम से हम मई माह मे ही सिलेबस अनुसार प्रत्येक कोर्स को पूर्ण करेंगे तथा जून माह के प्रथम पखवाड़े में विश्वविद्यालय की परीक्षाएँ आयोजित करने की स्थिति मे होंगे, इसमें आप सभी का सहयोग अपेक्षित है।

3. उन्होंने विधार्थियो को अधिक से अधिक समय अपने परिवार के साथ बिता ने, संस्कारो और ज्ञान को आत्म सात करने, योग , व्यायाम व अध्यात्म साधना करने, पौष्टिक सुपच्य भोजन करने, पूरी नींद लेने, रोगप्रतिरोधकता बढ़ाने के लिए आयुष मंत्रालय की सलाह मनानने की सलाह दी।

4. डॉ राठौड़ ने विधार्थियो को अध्ययन के अतिरिक्त रोचक और नवचरो के साथ रचनात्मक गतिविधियों मे समय व्यतीत करने की सलाह भी दी।

5. अंत मे उन्होंने सभी को बार बार साबुन से हाथ धोने, हैंड सैनी टाइजर का प्रयोग करने, सामाजिक दूरी बनाये रखने, बेवजह बाहर न जानेऔर आवश्यक हो तो ही बाहर जाने पर मास्क और टोपी लगाने की सलाह भी दी।

उन्होने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ विश्वास जताया कि संकट के इस काल मे विद्यार्थी अपनी पूरी ऊर्जा एवं उत्साह से ओतप्रोत हो अधिक जोश व जूनून के साथ वापस लौटेंगे।

इस जूम कक्षा का विशेष आयोजन सी टी ए ई के कंप्यूटर विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ नवीन चौधरी के सौजन्य से किया गया था। मानन निय कुलपति रविवार सुबह, 11.30 बजे विश्विधालय के कर्मचारियों एवं अध्यापको को संबोधित करेंगे और सोमवार प्रातः 11.30 बजे प्रदेश के किसानो एवं कृषि अधिकारियों को ज़ूमके मध्यम से संबोधित करेंगे।

शनिवार को ही विश्वविद्यालय की कुल सचिव श्रीमती कविता पाठक ने राज्य सरकार के अनुदेशा नुसार एक आदेश जारी कर विश्वविद्यालय के सभी कार्यालय सोमवार 20अप्रेल, 2020 से खोलने और शिक्षण के अलावा प्रसार व अनुसंधान कार्यो के निर्वाह न के निर्देश दिये है। इस दौरान सभी कार्यलायो मे सभी कर्मचारी राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित सोशल डिस्टनसिंग , स्वच्छता इत्यादि निर्देशों का पालन भी करेंगे।